CBSE Class 12 Hindi Core 2019 - Set 2/4/3

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 80**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **14** प्रश्न हैं। सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्नों में दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

(iii) यथासंभव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

Section क

1(क). जीवन जीने के ढंग से आप क्या समझते हैं ? इसके क्या-क्या ढंग बताए गए हैं ?

1(ख). जो उधार जीता है व्यर्थ जीता है – कैसे ?

1(ग). आशय स्पष्ट कीजिए : "प्रभाव से जो जीता है, वह जीता ही नहीं है।"

1(घ). अन्वेषण और अनुकरण में क्या अंतर है ?

1(ङ). लेखक निजता को महत्त्वपूर्ण क्यों मानता है ?

1(च). कर्म कब बाँधता है ?

1(छ). गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

2(क). लड़ने के लिए हमें क्या चाहिए ?

2(ख). समझदार और सुलझे हुए लोग क्यों नहीं लड़ सकते ?

2(ग). 'घर में भीषण आग लगने' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

2(घ). 'झुलस जाने का हुनर' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

OR

2(क). स्वाभाविक क्रिया किसे माना गया है ?

2(ख). कवि के विचार से कुछ चीज़ें जानबूझकर हाथ से क्यों गिर जाती हैं ?

2(ग). झुकने का चापलूसी से क्या संबंध है ?

2(घ). हमें अपने जीवन में किस बात का अफसोस रहता है ?

Section ख

3(क). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए : बीता समय लौटता फिर नहीं

3(ख). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए : हिमालय का महत्त्व

3(ग). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए : लोकतंत्र में चुनाव

3(घ). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए : नारी सशक्तीकरण

OR

4-a. पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे आत्म सुरक्षा-प्रशिक्षण-अभियान की सराहना करते हुए दिल्ली के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखिए।

4-b. आए दिन सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं तथा उनसे बचाव के लिए अपने राज्य के परिवहन मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर उपाय भी सुझाइए।

5(क). खोजी पत्रकारिता का क्या आशय है ?

5(ख). मुद्रित माध्यम के चार उदाहरणों के नाम लिखिए।

5(ग). 'समाचार' शब्द को परिभाषित कीजिए।

5(घ). संचार के तत्त्वों के नाम लिखिए।

5(ङ). दृश्य माध्यमों की लोकप्रियता के दो कारण लिखिए।

OR

6-a. 'बच्चों में दृष्टि-दोष की समस्या' विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए।

6-b. हाल ही में पढ़ी कहानी की किसी पुस्तक की समीक्षा कीजिए।

OR

7-a. 'खेल के क्षेत्र में उभरता भारत' विषय पर एक फ़ीचर तैयार कीजिए।

7-b. 'सेना में महिलाओं की बढ़ती रुचि' विषय पर एक फ़ीचर तैयार कीजिए।

Section ग

8(क). काव्यांश में व्यक्त कवि के व्यक्तित्व की सहजता पर टिप्पणी कीजिए।

8(ख). 'गरबीली गरीबी' कथन का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

8(ग). 'भीतर की सरिता' से कवि का क्या आशय है ? वह मौलिक कैसे है ?

OR

8(क). 'आँखें चुराए लिए जाने' से कवि का क्या अभिप्राय है ?

8(ख). प्रकृति के सौंदर्य पर मुग्ध कवि की मन:स्थिति पर टिप्पणी कीजिए।

8(ग). कवि किसे रोकने की बात करता है और क्यों ?

9(क). काव्यांश का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

9(ख). काव्यांश का शिल्प-सौंदर्य लिखिए।

OR

9(क). काव्यांश का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

9(ख). काव्यांश का शिल्प-सौंदर्य लिखिए।

10(क). 'पतंग' के आधार पर शरद ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए। कवि ने इसके लिए किन बिंबों को चुना है ?

10(ख). सोदाहरण सिद्ध कीजिए कि फिराक गोरखपुरी की रचनाओं में हिंदी, उर्दू और लोकभाषा के मिले-जुले प्रयोग बड़े आकर्षक हैं।

10(ग). लक्ष्मण मूर्च्छा के शोकग्रस्त वातावरण में हनुमान के आगमन को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है ? तुलना का सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

10(घ). बात और भाषा का परस्पर गहरा संबंध होता है किंतु कभी-कभी भाषा के चक्कर में सीधी बात भी टेढ़ी कैसे हो जाती है ? स्पष्ट कीजिए।

11(क). इंद्र सेना किसे कहा गया है और क्यों ?

11(ख). लेखक को कौन-सी बात समझ नहीं आती थी और क्यों ?

11(ग). 'कैसी निर्मम बरबादी है पानी की' – कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

OR

11(क). मानवीय होने का क्या तात्पर्य है ? चैप्लिन को अधिक मानवीय क्यों होना पड़ा ?

11(ख). चार्ली सार्वभौमिक थे, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

11(ग). चार्ली किसी भी संस्कृति को विदेशी क्यों नहीं लगते ?

12(क). पाठ के आधार पर भक्तिन के स्वभाव की तीन विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

12(ख). बाज़ार का जादू क्या है ? इसके चढ़ते-उतरने का क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाकर लिखिए।

12(ग). किन विशेषताओं के कारण लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत कहा है ? स्पष्ट कीजिए।

12(घ). डॉ. आंबेडकर ने मनुष्यों की क्षमता को किन बातों पर निर्भर माना है ? उनका उल्लेख कीजिए।

OR

13-a. "ऐन फ्रैंक की डायरी ऐतिहासिक दस्तावेज ही नहीं लेखिका के मन की भावनात्मक उथल-पुथल का भी जीवंत दस्तावेज है।" कथन की सोदाहरण पुष्टि कीजिए।

13-b. यशोधर बाबू अनेक बातों को 'समहाउ इंप्रॉपर' मानते हैं और फिर उन्हें मान भी लेते हैं। इस आलोक में उनके चरित्र का विश्लेषण कीजिए।

14(क). 'डायरी के पन्ने' पाठ में औरतों को वीर सिपाहियों से अधिक मजबूत और बहादुर क्यों कहा गया है ? अपने शब्दों में लिखिए।

14(ख). "सिंधु घाटी के लोगों में सादगी और सुरुचि का महत्त्व अधिक था" – कथन की सोदाहरण पुष्टि कीजिए।

14(ग). यशोधर बाबू की पत्नी तो समय के साथ अपने को ढालने में सफल होती है किन्तु यशोधर बाबू असफल रहते हैं। 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित उत्तर लिखिए।

14(घ). 'जूझ' शीर्षक पाठ कथानायक की किन चारित्रिक विशेषताओं की ओर संकेत करता है ? इस संदर्भ में पाठ के शीर्षक के औचित्य को समझाइए।

- End of Question Paper -